जनआस्था और वैश्विक गौरव का महापर्व बनेगा दीपोत्सव-2026- योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में आयोजित होने वाला 10वां दीपोत्सव भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और जनआस्था का भव्य उत्सव होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ष 2017 में प्रारंभ हुई दीपोत्सव की यात्रा आज वैश्विक पहचान प्राप्त कर चुकी है। इस वर्ष दीपोत्सव के एक दशक पूर्ण होने के अवसर पर राम की पैड़ी सहित संपूर्ण अवधपुरी को गत वर्ष की भांति लाखों दीपों से आलोकित किया जाए। आगामी 7 नवंबर को आयोजित होने वाले दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आयोजन की धार्मिक गरिमा, सांस्कृतिक परंपरा और भव्यता के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। श्रद्धालुओं एवं अतिथियों की सुविधा, सुरक्षा, सुगम आवागमन, प्रकाश, स्वच्छता और मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।मुख्यमंत्री को तैयारियों से अवगत कराते हुए अपर मुख्य सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति ने बताया कि दीपोत्सव का आयोजन तीन प्रमुख चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में साकेत महाविद्यालय से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें रामायण के प्रसंगों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जीवन आदर्शों को दर्शाया जाएगा। द्वितीय चरण में रामकथा पार्क में प्रभु श्रीराम और माता सीता के स्वरूपों का प्रतीकात्मक आगमन, भरत मिलाप और श्रीराम के राज्याभिषेक से जुड़े कार्यक्रम होंगे। तृतीय चरण में सरयू आरती, दीप प्रज्ज्वलन, राम की पैड़ी पर 200 कलाकारों की प्रस्तुतियां, 2,100 ड्रोनों का आकाश में रामायण आधारित शो, लेजर प्रस्तुति, गोंडा लोककलाओं और नृत्य परंपराओं की प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही 12 देशों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों की सहभागिता प्रस्तावित है तथा भारत में तैनात विदेशी राजदूतों और विदेशों में तैनात भारतीय राजनयिकों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों और अयोध्या के पूज्य संतों के साथ समन्वय कर तैयारियों को अंतिम रूप देने और स्थानीय व्यापारियों व सामाजिक संगठनों का सहयोग लेने के निर्देश दिए। साथ ही, आगामी 26 अक्टूबर को प्रस्तावित महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सभी जनपदों में मंदिरों में वाल्मीकि रामायण का अखंड पाठ, रामायण आधारित प्रस्तुतियां और चित्रकला गतिविधियां कराने के भी निर्देश दिए गए।

10वें दीपोत्सव में लाखों से अधिक दीपों से जगमगाएगी रामनगरी, अनेक विदेशी राजनयिक भी बनेंगे साक्षी

जेल में करवटें -बेचैनी के बीच गुजरी दोनों बहनों की रात, चमक पड़ी फीकी



लखनऊ (आज समाचार सेवा)। कारोबारी शिवा शर्मा की हत्यारोपी श्रद्धा दुबे का ठिकाना अब लखनऊ जिला कारागार है। कम वक्त में अधिक शोहरत और दौलत पाने वाली श्रद्धा व उसकी बहन रश्मि क्वारंटीन बैरक में बंद है। वारदात के 11 दिन बाद फरार श्रद्धा दुबे को यूपी एसटीएफ ने नागपुर से गिरफ्तार किया। फिर गुरुवार को श्रद्धा, बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश के साथ 10 दिन की न्यायिक हिरासत में लखनऊ जेल भेजा गया। वहीं, शुक्रवार को कोर्ट ने तीनों की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मॉडल श्रद्धा दुबे की ग्लैमर व चकाचौंध की दुनिया अब पीछे छूट गई है। हाई प्रोफाइल पार्टियों में विदेशी शराब और सिगरेट के साथ लग्जरी लाइफ के स्थान पर अब उसको जेल का रूटीन फॉलो करना पड़ेगा। जेल में श्रद्धा दुबे को क्वारंटीन बैरक में रखा गया है। हाई-प्रोफाइल हत्यारोपित श्रद्धा दुबे की जेल में पहली रात पानी पीते-पीते बीती। गुरुवार की रात उसे जेल मेन्यू के अनुसार खाने में साबुत उड़द की दाल, रोटी और आलू-सोया मेथी की सब्जी दी गई। शुक्रवार सुबह छह बजे उन्हें जगा दिया गया। सुबह सात बजे नाश्ते में मीठी दलिया और चाय दी गई। 11 बजे साबुत उड़द व राजमा की दाल, आलू-लौकी की सब्जी, चावल और रोटी दी गई। श्रद्धा दुबे और उसकी बहन रश्मि ने शुक्रवार सुबह नाश्ते में दलिया खाया। श्रद्धा दुबे और उसकी बहन रश्मि दुबे को एक ही बैरक में अलग-अलग रखा गया है। ड्राइवर दानिश उर्फ तनवीर को अलग बैरक में रखा गया है। तीनों की सुरक्षा-व्यवस्था में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। डिप्टी जेलर की ड्यूटी लगाई गई है। जेलर ने बताया कि तीनों आरोपियों को सामान्य कैदियों की तरह ही खाना व नाश्ता दिया जा रहा है। **जेल में पहली रात करवट बदलते हुए गुजरी:** आलीशान जिंदगी और ठाठ-बाट से रहने वाली श्रद्धा दुबे के लिए जेल की पहली रात काफी बेचैनी भरी रही। पूरी रात वह बैरक में करवट बदलती रही। देर रात कुछ देर के लिए उसे नींद आई। जेल प्रशासन के अनुसार, दाखिले के समय वह सामान्य दिखी, लेकिन चेहरे पर तनाव साफ नजर आ रहा था। वहीं, मॉडल श्रद्धा दुबे से लखनऊ के साथ अन्य जगह पर जहां मिलने वालों की कतार लगती थी, उससे शुक्रवार को लखनऊ जेल में मिलने कोई नहीं आया। श्रद्धा दुबे और उसकी बहन रश्मि दुबे के साथ ही ड्राइवर दानिश उर्फ तनवीर से भी कोई मिलने नहीं आया। जेल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को श्रद्धा दुबे से मिलने जेल में कोई नहीं पहुंचा। सुरक्षा और संवेदनशीलता को देखते हुए निर्णय लिया गया है कि उसकी पेशी न्यायालय में वर्चुअल माध्यम से कराई जाएगी। जेल नियमावली के अंतर्गत शुक्रवार शाम उसे क्वारंटीन बैरक से सामान्य बैरक में शिफ्ट कर दिया जाएगा। हालांकि, जेल प्रशासन उसकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखेगा। **श्रद्धा की सूची में कई सफेदपोश और आला अफसर:** श्रद्धा काफी शातिर युवती है। उसने अपना सम्राज्य ब्लैकमेलिंग पर खड़ा कर रखा है। सूत्रों का कहना है कि उसने अपनी अदाओं से कई सफेदपोश, आला अफसरों व अपराधियों को अपने जाल में फंसा रखा है। उसने इन लोगों से की गई बातचीत की कॉल रिकार्डिंग और वीडियो रिकार्डिंग अपने पास महफूज कर रखी है। बताया जा रहा है कि इन वीडियो में कई ऐसे भी अफसर है जोकि अब उनका कद काफी बढ़ चुका है। कुछ सत्ताधारियों और रिटायर अफसरों की औलादें इनमें शामिल हैं। श्रद्धा के गिरफ्तार होने के बाद उनकी भी परेशानी भी बढ़ गई है। चर्चा है कि श्रद्धा ने इन वीडियो और चैट के स्क्रीन शॉट अपने मोबाइल के अलावा भी कई फोल्डर में सुरक्षित कर रखे हैं। **रायबरेली में है मददगार:** सूत्रों का कहना है कि श्रद्धा ने चकाचौंध वाली जिंदगी में किसी पर भरोसा नहीं किया। उसने इन वीडियो, चैट और कॉल रिकार्डिंग को सुरक्षित करके अपने पुराने परिचित जोकि रायबरेली में रहते हैं को दे रखे हैं। कयास लगाया जा रहा है कि फरारी के दौरान श्रद्धा रायबरेली पहुंची थी। उसने ब्लैकमेलिंग वाले सभी साक्ष्य अपने पुराने परिचित के हवाले कर दिए है। बताया जा रहा है कि इस साक्ष्यों को पाने के लिए गुपचुप तरीके से कार्रवाई भी शुरू कर दी गई।

कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज की

वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ में जीसीसी समिट, मुख्यमंत्री योगी करेंगे उद्घाटन

लखनऊ । उत्तर प्रदेश को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में योगी सरकार अपने प्रयासों को गति दे रही है। इसी क्रम में 26 अक्टूबर को लखनऊ के सेंट्रम होटल में यूपी जीसीसी इनोवेशन समिट 2026 का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समिट का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर 15 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने और संभावित निवेशकों को पांच लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) जारी किए जाने की योजना है। आईआईटी कानपुर एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से इन्वेस्ट यूपी और एचसीएलटेक के सहयोग से आयोजित इस समिट में जीसीसी क्षेत्र के 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, नीति-निर्माताओं, निवेशकों, शैक्षणिक संस्थानों और बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के शामिल होने की उम्मीद है। समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल परिवर्तन, नवाचार, कौशल विकास तथा वैश्विक कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश में कारोबार स्थापित करने और उसका विस्तार करने की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

26 अक्टूबर को धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाएगी योगी सरकार

लखनऊ योगी सरकार 26 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाएगी। इस अवसर पर आस्था, भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का व्यापक उत्सव मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सैकड़ों महर्षि वाल्मीकि मंदिरों और रामायण से जुड़े प्रमुख स्थलों पर दीपदान, रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। इन आयोजनों के जरिए आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की कालजयी रचना 'रामायण' में निहित मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी है।

महिला एफपीओ के कामकाज को समझने मिर्जापुर पहुंचे केंद्र सरकार के अधिकारी



लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता से जोड़ने के प्रयासों के बीच मिर्जापुर की छनवर एग्रो किसान उत्पादक संगठन महिला सशक्तीकरण की एक मिसाल बनकर उभर रही है। छानबे विकासखंड में महिला किसानों के नेतृत्व में संचालित इस कंपनी से अब तक 1,221 महिला शेयरधारक जुड़ चुकी हैं। कंपनी कृषि उत्पादों के विपणन से लेकर अन्य व्यवसायों के माध्यम से महिलाओं की आय बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है इसी मॉडल को समझने के लिए गत दिनों केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिवालय के अतिरिक्त सचिव सौरभ कुमार तिवारी आए। उन्होंने महिला किसानों के नेतृत्व, सामूहिक निर्णय प्रक्रिया, बाजार से जुड़ाव, व्यावसायिक विस्तार और ग्रामीण आजीविका से जुड़े नवाचारों की जानकारी ली। साथ ही महिला किसान उत्पादक कंपनी के संस्थागत विकास और उसकी कार्यप्रणालियों को भी समझा। इस अवसर पर जिलाधिकारी पवन कुमार, नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस के युवा पेशेवर गणेश महालावत, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रतिनिधि राजीव कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर महेंद्र सिंह, उपायुक्त (स्वत: रोजगार) रमाशंकर सिंह, खंड विकास अधिकारी रामपाल, डीएमएम सरोज पांडेय और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया की टीम मौजूद रही। वर्ष 2022-23 में स्थापित इस कंपनी की महिला निदेशकों और शेयरधारक किसानों ने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। इसके बाद कंचन गुप्ता, कविता राही, शालिनी दुबे और अन्य बोर्ड सदस्यों ने महिला किसानों द्वारा चलाई जा रही व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी दी। महिला निदेशकों ने गेहूं की खरीद और आपूर्ति से जुड़ा अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि वे 25 मीट्रिक टन गेहूं की आपूर्ति भी कर चुकी हैं।

फार्मर रजिस्ट्री में 1.44 करोड़ से अधिक पंजीकरण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग की भूमिका अब केवल जमीन के रिकॉर्ड के रख-रखाव तक सीमित नहीं रह गई है। योगी सरकार में ग्रामीण परिवारों को आवासीय संपत्ति के दस्तावेज उपलब्ध कराने, किसानों की डिजिटल पहचान तैयार करने और सहायता राशि के भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। आंकड़ों के मुताबिक स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश में 1.05 करोड़ से अधिक घरौनियों का निर्माण और वितरण किया जा चुका है। फार्मर रजिस्ट्री में भी 1.44 करोड़ से अधिक पंजीकरण पूरे किए जा चुके है।वर्ष 2017 से पहले घरौनी निर्माण और फार्मर रजिस्ट्री जैसी व्यवस्थाओं में उपलब्धि शून्य थी। इससे पहले राजस्व सेवाओं का दायरा मुख्य रूप से पारंपरिक अभिलेखों और कार्यालय आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भर था।

फॉरेंसिक जांच में तेजी लाएगा एआई, साक्ष्यों का सत्यापन जरूरी



लखनऊ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फॉरेंसिक विज्ञान और आपराधिक जांच की प्रक्रिया को तेज, प्रभावी और अधिक सटीक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फिंगरप्रिंट और डीएनए विश्लेषण से लेकर सीसीटीवी फुटेज की जांच, डिजिटल साक्ष्यों के परीक्षण और अपराध से जुड़े लोगों व घटनाओं के बीच संबंधों की पहचान तक एआई का इस्तेमाल जांच एजेंसियों की क्षमता बढ़ा सकता है। हालांकि, एआई से प्राप्त निष्कर्षों को बिना सत्यापन अंतिम मानना जांच और न्यायिक प्रक्रिया के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। ये बातें विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फॉरेंसिक्स एंड इन्वेस्टिगेशन विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध की जांच में एआई एक उपयोगी सहायक तकनीक है, लेकिन विशेषज्ञों की समझ, मानवीय विवेक और साक्ष्यों की स्वतंत्र पुष्टि का विकल्प नहीं है। यह चर्चा देश-विदेश के विशेषज्ञों ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संवाद-26 के टेकसंगम में हुई।

गंगा के ऊपर भारतीय वायुसेना का शौर्य, राफेल-सुखोई के करतबों से रोमांचित होगी काशी



वाराणसी। धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी में शनिवार को एक बार फिर गंगा के ऊपर भारतीय वायुसेना के शौर्य और पराक्रम की झलक देखने को मिलेगी। भारतीय वायुसेना के 94 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नमो घाट पर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के दूसरे दिन जांबाज पायलट लड़ाकू विमानों व हेलीकॉप्टरों के जरिए रोमांचक हवाई करतब दिखाएंगे। राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000 और स्वदेशी तेजस जैसे लड़ाकू विमानों की गर्जना से काशी का आसमान गूंजेगा। वहीं, चिनूक हेलीकॉप्टर के जरिए जवानों का प्रदर्शन भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ नमो घाट पर वायुसेना की बेमिसाल शक्ति के साक्षी बनेंगे। गंगा के ऊपर आयोजित यह एयर शो भारतीय वायुसेना की हवाई व तकनीकी दक्षता और सटीक परिचालन का प्रदर्शन करने के साथ युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करने का माध्यम भी बन रहा है। एयर शो में विमानों की तेज रफ्तार, आपसी तालमेल और अलग-अलग फॉर्मेशन के जरिए वायुसेना के जवान अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। तीन किरण प्रशिक्षण विमानों द्वारा 'काशी' फॉर्मेशन बनाते हुए तिरंगे के रंगों की छटा बिखेरना भी इस आयोजन का खास आकर्षण है। शिव और गंगा की पहचान से जुड़े नामों तथा विभिन्न हवाई फॉर्मेशन के जरिए प्रदर्शन में काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिल रही है। आयोजन से जुड़ी जानकारी के अनुसार, हवाई प्रदर्शन में कुल 100 विमान भाग ले रहे हैं। ये विमान देशभर के 12 हवाई अड्डों से उड़ान भर रहे हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योगी सरकार देगी अतिरिक्त साड़ी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को निर्धारित वेशभूषा में काम करने के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत देने की तैयारी तेज हो गई है। योगी सरकार ने विभाग में कार्यरत 3.80 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को हर साल एक अतिरिक्त साड़ी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए 19 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इस व्यवस्था को लागू करने की तैयारी की जा रही है।

बदायूँ के दो खंड विकास अधिकारियों पर अनुशासनिक कार्रवाई

कासगंज के बीडीओ संजीव कुमार सस्पेंड

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गौशालाओं में गोवंश के संरक्षण, देखभाल एवं व्यवस्थाओं में लापरवाही के मामलों को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। बदायूँ के दो खंड विकास अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की गई है, जबकि कासगंज के पटियाली विकास खंड के खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार को कथित वीडियो प्रकरण के संबंध में निलंबित कर मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।श्री मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देशित किया है कि प्रदेश की गौशालाओं की नियमित निगरानी की जाए। जहां भी अव्यवस्था, अनियमितता, संसाधनों की कमी अथवा गोवंश की देखभाल में लापरवाही सामने आए, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाए।श्री मौर्य ने बदायूँ के म्याऊँ विकास खंड के खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला को अभिगांव गौशाला में 20 गोवंश की मृत्यु के मामले में प्रथमदृष्टया जिम्मेदार पाया गया है। गौशाला की निर्धारित क्षमता 100 गोवंश होने के बावजूद वहां 428 गोवंश संरक्षित पाए गए। जनपद में पूर्व से रेड अलर्ट होने के बावजूद अस्थायी व्यवस्था एवं अतिरिक्त शेड की व्यवस्था नहीं कराए जाने को गंभीर लापरवाही माना गया है। इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए संयुक्त विकास आयुक्त, बरेली मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया है। बदायूँ के सालारपुर विकास खंड के खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार के विरुद्ध गौशाला में 14 गोवंश की मृत्यु एवं लापरवाही के मामले में अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई है। कथित वीडियो का स्वत: संज्ञान लेते हुए श्री मौर्य ने कासगंज के पटियाली विकास खंड के खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार से संबंधित सामने आने के बाद प्रथमदृष्टया गंभीर अनियमितता के संकेतों को देखते हुए उन्हें निलंबित कर मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।गोवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। गौशालाओं में चारा, पानी, पर्याप्त शेड, स्वच्छता तथा पशुओं की समुचित देखभाल अधिकारियों की जिम्मेदारी है। कार्य में लापरवाही, अनियमितता, भ्रष्टाचार अथवा नियमों के विरुद्ध कार्य पाए जाने पर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। गौशालाओं का नियमित स्थलीय निरीक्षण करें, कमियों को तत्काल दूर कराएं तथा गोवंश के संरक्षण में लापरवाही न होने दें।

ओटीएस योजना से करदाताओं को 116 करोड़ रुपये की राहत

लखनऊ, । योगी सरकार द्वारा नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और करदाताओं को पुराने बकायों के निस्तारण में राहत देने के लिए संचालित एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में लागू इस योजना के तहत अब तक 1,71,166 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

पहली बार किसी कार्य को करने में गलती की संभावना रहती है-रिणवा

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विधान परिषद के चुनाव की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पहली बार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी गई। किसी भी कार्य को पहली बार करने में गलतियाँ होने की संभावना रहती है। मतदाता सूची 14,81,310 प्रविष्टियों में से कुल 158 ऐसी प्रविष्टियाँ हैं जिनमें मतदाताओ अथवा उनके संबंधियों के नाम अजीब प्रतीत हो रहे हैं। इन नामों का अजीबोगरीब होना इसी प्रकार की एक गलती है। सॉफ्टवेयर द्वारा अंग्रेजी में टाइप किए गए नामों को हिंदी में ट्रांसलिटरेट करना था परंतु संभवत किसी त्रुटि की वजह से ट्रांसलेट कर दिया। उदाहरण के तौर पर किसी मतदाता का नाम रामहित यादव है तो उसको अंग्रेजी में टाइप करने समय यदि त्रुटिवश के स्थान पर ल्ंउेपज ल्कंअ टाइप कर दिया तो सॉफ्टवेयर द्वारा इसे 'राम ने यादव को मारा' ट्रांसलेट कर दिया।

वोट चोरी के खिलाफ होने वाली महारैली की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

यूपी से दो लाख कांग्रेसियों को महारैली में पहुंचाने का लक्ष्य

लखनऊ। यूपी कांग्रेस ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोरी के खिलाफ होने वाली महारैली की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस महारैली में उत्तर प्रदेश से दो लाख कांग्रेसजनों के पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आराधना मिश्रा मोना व प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम प्रदेश के सभी छह जोनों में बैठकें कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। अब तक अवध जोन, बुन्देलखण्ड जोन व पूर्वांचल जोन की बैठक हो चुकी है। 25 अक्टूबर को प्रयाग जोन से सम्बन्धित जनपदों के जिला-शहर अध्यक्षों, पदाधिकारियों, वर्तमान, पूर्व सांसद, विधायक,पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक अपरान्ह दो बजे शंकरलाल मेमोरियल हाल सिविल लाइन प्रयागराज में होगी। जबकि 26 अक्टूबर को बृज जोन से सम्बन्धित जनपदों के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक पूर्वान्ह 11 बजे शहनाई मैरेज हाल मैरिस रोड चैराहा जनपद अलीगढ़ में होगी, 27 अक्टूबर को पश्चिम जोन के कांग्रेसजनों की बैठक सुबह11 बजे से आरचीड ग्रैन्ड लॉन ईदगाह रोड मुरादाबाद में होगी। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य महारैली की तैयारियों की समीक्षा करना, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपना तथा प्रदेश के सभी जिलों से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसजनों की दिल्ली में भागीदारी सुनिश्चित करना है। यूपी कांग्रेस ने महारैली में प्रदेश से दो लाख कांग्रेसजनों को दिल्ली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

राष्ट्रीय सचिव-सह प्रभारियों को जिलावार सौंपी गयी जिम्मेदारी

महारैली की तैयारियों को जमीनी स्तर पर गति देने के लिए पार्टी के सभी छह जोन के राष्ट्रीय सचिव-सह प्रभारियों को भी जिलावार जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत अब्दुल हन्नान को अवध जोन,अभिषेक दत्त को पूर्वांचल जोन, वरुण चौधरी को प्रयाग जोन, जगदीश चंद्र जांगीड़ को बुंदेलखंड जोन, कुणाल चौधरी को ब्रज जोन व संजीव आर्य को पश्चिम जोन की जिम्मेदारी दी गई है।

सीईओ नवदीप रिणवा ने विधान परिषद निर्वाचन में किया मतदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य



निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 5 खण्ड स्नातक एवं 6 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए हो रहे मतदान के दौरान पूर्वाह्न 10 बजे निर्धारित मतदेय स्थल, बूथ संख्या-224 स्नातक, केंद्रीय विद्यालय, विकास खण्ड-2, गोमती नगर, लखनऊ में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।उन्होंने बताया कि प्रदेश में विधान परिषद के इन 11 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होकर सायं 4 बजे तक निर्धारित है।

भाजपा के लोगों ने फर्जी मतदान और बेईमानी का किया प्रयास-अखिलेश



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग निराश और फ्रस्ट्रेट है। यह शिक्षक और स्नातक चुनाव सीमित लोगों का है। इसमें केवल शिक्षक और स्नातक ही वोट डालते हैं। इस चुनाव में भी हार के डर से भाजपा बौखलाई हुई है। भाजपा के लोगों ने फर्जी मतदान और बेईमानी का प्रयास किया। शिक्षक और स्नातक विधान परिषद चुनाव में वोट डालने जा रहे समाजवादी पार्टी के लोगों को रोकने के लिए भाजपा ने अपने गुण्डों और भ्रष्ट अधिकारियों को आगे कर दिया। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा इस तरह बेईमानी करने की कोशिश करेगी लेकिन जनता भाजपा के खिलाफ है, विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ एक-एक वोट डालकर उसे हराएगी। यह बातें उन्होने शुक्रवार को विधान परिषद के आगरा-अलीगढ़ स्नातक खंड क्षेत्र के चुनाव में सैफई में मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त कीं। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश से सूचनायें मिली हैं कि भाजपा के गुण्डों ने जगह-जगह फर्जी वोटिंग का प्रयास किया। समाजवादी पार्टी के मतदाताओं को रोकने का प्रयास किया। प्रशासन के लोग मूकदर्शक बने रहे। ऐसा लगता है, चुनाव आयोग के लोग नींद की गोली खाकर सो गये। चुनाव आयोग सब कुछ देखते हुए भी आंख मूंदे बैठा रहा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा को वोट चोरी के लिए एक विश्वविद्यालय खोल देना चाहिए, उसमें अपने कार्यकर्ताओं के लिए कम से कम तीन साल का कोर्स चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट चोरी और धांधली करके भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी है। समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही है। समाजवादी पार्टी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। उन्होने कहा कि भाजपा ने शिक्षकों, नौजवानों के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा चुनाव में डरी हुई है। दस साल से भाजपा की सरकार चल रही है, तो भाजपा को इस चुनाव में गुण्डागर्दी और फर्जी मतदान की क्यों जरूरत पड़ रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में अब 40 दिन ही बचे हैं। समाजवादी पार्टी तैयार है। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन भाजपा को हरायेगा।

सफाई में किया मतदान

भाजपाई रंग की पर्ची वालों को मतदान करने दिया गया

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा है कि शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भाजपा ने अपनी हार के डर से मतदान में धांधली, बेईमानी और प्रशासन के सहयोग से विपक्षियों के उत्पीड़न में कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपाई रंग की पर्ची वालों को ही कई जगह मतदान करने दिया गया। बिना आईडी चेक किए भाजपाई वोटरों को वोट डालने दिया गया। उन्होने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नैतिकता के सभी मानकों की धज्जियां उड़ा कर भाजपा सरकार के मंत्री, विधायक और प्रभावशाली नेता अपने पद की मर्यादा भूलकर मतदान को प्रभावित करने व बूथ कैप्चरिंग कर लोकतंत्र की हत्या करने में महारथ हासिल की है। भाजपा शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में हर तरह की हेराफेरी व अलोकतांत्रिक कृत्य कर चुनाव को प्रभावित करने का काम किया गया है। चुनाव आयोग सोता रहा है। शिकायतों के बावजूद उसने कोई कार्रवाई नहीं की है।